| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यावाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाय जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए |
|---|---|---|
| 11/9/23 | पत्रावली पेश हुई। वकुसाप फरीकेन उप.। वकील वादी द्वारा बंटवारा प्रस्ताव पर आपत्ति जाहिर की, जिसके आवेदन की प्रति वकील प्रतिवादी को दिलवाई गई। पत्रावली वास्ते आपत्ति / बहस बंटवारा प्रस्ताव दिनांक 12.9.23 को पेश हो।<br>(हस्ताक्षर) 11/09/23 | |
| 12/9/23 | पत्रावली पेश हुई। वकुसाप फरीकेन उप.। वकील प्रतिवादी ने जवाब आपत्ति बंटवारा प्रस्ताव पेश किया। जिसकी प्रति वकील वादी को दिलवाई गई। पत्रावली वास्ते अन्तिम बहस / निर्णय दिनांक 18.9.23 को पेश हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)<br>दांतारामगढ़ (सीकर) | |
| 18/9/23 | पत्रावली पेश। उभय पक्ष अधि. उपस्थित। उभय पक्षीय बहस बटवारा प्रस्ताव पर आपत्ति के सम्बन्ध में व मूल वाद के संबंध | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यावाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाय जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए |
|---|---|---|
| | मे सुनी गयी वकील वादी ने बंटवारा प्रस्ताव पर निम्न 3 आपत्ति पेश की<br>(1) वादी का हिस्सा .8906 है की जगह .8400 है. ही बंटवारा मे प्राप्त है।<br>(2) वादी की भूमि हेतु कच्ची रास्ता नहीं है<br>(3) वादी को कृषि कुए 686/854 मे 1/3 हक हिस्सा दिया जावे<br>जिस पर वकील प्रति. ने अपने लिखित जवाब को ही बहस मे दोहराया।<br>मैने उभय पक्षीय बहस, पत्रावली पर उपलब्ध प्रस्ताव/दस्तावेजो प्राथमिक डिक्री, बंटवारा प्रस्ताव का अवलोकन व मनन किया जिससे स्पष्ट है कि बंटवारा प्रस्ताव विधिवत Meats & bounds के आधार पर पेश किया गया है। वादी को पृथक से अपने हिस्से से .8400 है भूमि प्रस्तावित है परन्तु अन्य भूमि जो की कृषि कुए व अन्य है मे शामलाती रूप से दिया गया है अत: वादी को उसका संपूर्ण हक हिस्सा बंटवारा प्रस्ताव मे प्राप्त हुए | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यावाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाय जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए |
|---|---|---|
| | बंटवारा प्रस्ताव मे लाल स्याही से सभी पक्षकारो की भूमि तक शामलाती रास्ता भी दर्शाया है अत: रास्ते का प्रावधान भी है व वादी को अपने हिस्से 1/12 अनुसार शामलाती कृषि कुए मे भी हक अधिकार बंटवारा प्रस्ताव मे दिये गये है अत: समस्त आपत्तिया निराधार है व बंटवारा प्रस्ताव विधिक प्रावधानो अनुरूप होने से वादी का वाद विरुद्ध प्रतिवादीगण डिक्री होकर बंटवारा प्रस्ताव अनुसार बंटवारे का निर्णय व डिक्री पृथक से टंकण करवायी गयी।<br>पत्रावली फैसल अनुसार होकर नम्बर से कम हो।<br>[signature] 16/10/23<br>सहायक कलेक्टर (फास्ट ट्रैक) दांतारामगढ़ (सीकर) | |
| 16/10/23 | पत्रावली प्रति. सं. 2 के प्रा. पत्र अंतर्गत धारा 152 CPC पर पेश हुई व निवेदन किया की अंतिम डिक्री मे लेखकीय त्रुटि से गिरधारी पुत्र गुमान, | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यावाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाय जो हुक्म की तारीख जारी हुए |
|---|---|---|

मदन सिंह पुत्र गुमान, मूली पुत्री गुमान का हिस्सा 1/12 की जगह 1/2 दर्ज हो गया है अतः उक्त लेखनीय त्रुटि को शुद्ध किया जावे।

मैंने पत्रावली व डिक्री का अवलोकन किया जिसमें स्पष्ट है कि डिक्री की तालिका के column No. 4 में गिरधारीलाल पुत्र गुमान, मदनसिंह पुत्र गुमान व मूली पुत्री गुमान का हिस्सा 1/2 दर्ज हो गया है जो लेखनीय त्रुटि है अतः धारा 152 CPC के तहत उक्त अंतिम डिक्री के तालिका के क्रम सं. 4 में उपरोक्त गुमान के पुत्र गिरधारी लाल, मदन व मूली देवी पुत्री गुमान का हिस्सा 1/2 की जगह 1/12 $\frac{1}{12}$ दर्ज किया जावे।

पुनः संशोधित अंतिम डिक्री जारी हो।

[signature]

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)
दाँतारामगढ़ (सीकर) [illegible]/23